तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 दिसंबर 2024

12 राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव में कका भतीजा नाचा...



12 सावित्रीपुर स्कूल में मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस






## खबर संक्षेप




### ट्रैक्टर पलटने से नाबालिग सहित दो की मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के टुरीडीह-रायतुम रोड़ अग्रवाल राईस मिल के पास ट्रैक्टर के पलटने से एक नाबालिग सहित दो लोग दब गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, भूषण ध्रुव, डेमन ठाकुर, खुमेश्वर ठाकुर, भेनू ध्रुव, प्रेमशंकर खड़िया 26 नवंबर को राजकुमार के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएम 0640 में प्रेमशंकर निषाद का सेंट्रिंग सामान लाने ग्राम आरंगी गए रहे। आरंगी से सेंट्रिंग सामान लेकर वापस ग्राम पतेरापाली आते समय टुरीडीह चौक के पास ट्रैक्टर खराब होने से चालक प्रेमशंकर निषाद उसे सुधरवाने रूका था तथा ट्रैक्टर में सवार भेनु ध्रुव, भूषण ध्रुव, डेमन ठाकुर, खुमेश्वर ठाकुर, प्रेमशंकर खड़िया पैदल टुरीडीह चौक से अपने गांव पतेरापाली रायतुम पैदल जा रहे थे। इसी दौरान रात करीबन 10 बजे टुरीडीह-रायतुम रोड़ अग्रवाल राइस मिल के पास टुरीडीह चौक की ओर से आ रही ट्रैक्टर के चालक प्रेमशंकर निषाद ने अपनी वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ट्रैक्टर को पलट दिया, जिससे पैदल चल रहे भेनू ध्रुव एवं प्रेमशंकर खड़िया ट्रैक्टर के इंजन में दब जाने से दोनों को गंभीर चोटें आई दोनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पिथौरा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक प्रेमशंकर निषाद के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# संघ ने स्थगित किया बंद, आज से शुरु होगा समितियों से धान उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी को चालू हुए 25 दिन होने को है लेकिन, उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान की परिवहन की लचर व्यवस्था को देखकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने सप्ताह भर पहले जिला कलेक्टर को उपार्जन केंद्रों में लगातार धान जाम होता देख ज्ञापन सौंपा। जिसमें सप्ताह भर मे परिवहन में सुधार नहीं आने की स्थिति में 10 दिसंबर से जिले के समस्त 182 उपार्जन केंद्रों में बंद की चेतावनी दे दी।

आनन फानन मे विपणन संघ ने सोमवार को संग्रहण केंद्रों के लिए डीओ जारी कर ट्रांसपोर्टर के माध्यम से वाहन भेजे गए। हालांकि, बफर लिमिट से अधिक सभी केंद्रों में डीओ जारी नहीं किए गए लेकिन, कलेक्टर के निर्देश पर जिला के उपायुक्त उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने संघ के कर्मचारी नेताओं से बात कर बंद को स्थगित करने की बात कही। साथ ही आगामी दो दिनों के भीतर बफर लिमिट से ऊपर धान हेतु डीओ जारी करने हेतु निर्देश डीएमओ को दिए। देर शाम जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने बंद को आगामी समय के लिए स्थगित किया है तथा कलेक्टर महासमुंद एवं उपायुक्त उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं को शीघ्र परिवहन हेतु निवेदन किया। सहकारी समिति कर्मचारी संघ अध्यक्ष जय प्रकाश साहू ने बताया कि धान खरीदी में आने वाली सूखत से परेशान होकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने बंद का आह्वान किया था। कलेक्टर एवं उपायुक्त उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं के आश्वासन पश्चात बंद स्थगित कर दिया गया है। धान खरीद निर्बाध जारी रहेगी।

## 10 दिसंबर को धान खरीदी बंद का निर्णय स्थगित, धान खरीदी रहेगी निर्बाध जारी

### किसानों की चिंता समाप्त, चेहरे पर आई मुस्कान

सहकारी समिति कर्मचारी संघ के बंद के आह्वान से किसानों में चिंता व्याप्त रही। पूर्व में ही किसानों को बंद की सूचना दे दी गई थी, बंद स्थगित की सूचना मिलते ही किसानों ने राहत की सांस ली। जिले के 182 उपार्जन केंद्रों मे प्रति दिवस लगभग पौने तीन लाख क्विंटल धान की खरीदी किसानों से हो रही है जिसका सीधा असर बंद होने पर किसानों पर पड़ता।



### धान खुले आसमान के नीचे कैप कवर के सहारे डंप

बता दें कि जिले के 130 सहकारी समितियों के माध्यम से 182 उपार्जन केन्द्रों मे लाखों क्विंटल धान डंप हैं जिसे सहेज के रखने मे सोसायटी प्रबंधन के माथे पर बल पड़ गए। धान में सूखत को लेकर भी सोसायटी प्रबंधन ने लगातार सरकार को अवगत कराया। लेकिन, समितियों के पास रखे धान पर सूखत को लेकर कोई नीति नहीं बनी।

## क्राइम : घोंघीबाहरा के नंदकुमार हत्याकांड का खुलासा

# छड़ का दो हजार मांगने पर कर दी थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

घोंघीबाहरा हत्याकांड के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महज 2 हजार रुपए न देना पड़े इसके लिए आरोपी ने डंडे से प्राणघातक हमला कर हत्या कर देने का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

हत्या का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने पत्रकारों को बताया कि 4 दिसंबर को ग्राम घोंघीबाहरा निवासी नंदकुमार खड़िया (33) का शव गांव के बाहर सड़क किनारे मिला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर कर जांच शुरू की। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे। पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण हत्या पाया गया। बाद पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपराध धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने मृतक के परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की और मुखबिर को भी अलर्ट किया। मुखबिर से सूचना मिली कि गांव का ही भीखम साहू घटना स्थल में शराब पीकर बैठा था। पुलिस ने भीखम साहू (60) को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरा घटनाक्रम सामने आया। एएसपी ने बताया कि मृतक नंद कुमार खड़िया ने कुछ दिन पहले अपने मकान निर्माण से बचा हुआ छड़ (सरिया) को भीखम साहू को बेचा था। जिसका 2 हजार रुपये नंदकुमार को लेना था। घटना के दिन भीखम और नंदकुमार ने ग्राम बनसिवनी जाकर शराब पी। बाद गांव वापसी के दौरान रास्ते में नंदकुमार भीखम से अपने छड़ का पैसा मांगने लगा जिस पर दोनों में विवाद हो गया। उसी समय घटनास्थल घोंघीबाहरा में सड़क किनारे पड़े डंडे से भीखम ने नंदकुमार के सिर पर प्राणघातक प्रहार किया जिससे मौके पर ही नंदकुमार की मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त डंडा तथा घटना के समय पहनी हुई शर्ट जब्त कर लिया है।



## तेंदूकोना में आकस्मिक निरीक्षण,2500 बोरा धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में किसानों को उचित मूल्य दिलाने और खाद्यान्न की कालाबाजारी को रोकने के लिए लगातार अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा उमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में बीती रात राजस्व विभाग और मंडी टीम द्वारा तेंदूकोना में किराना व्यवसायी अशोक पिता रामरतन के गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में 2500 बोरा धान रखा पाया गया। राजस्व विभाग और मंडी टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धान को जब्त कर लिया और उक्त व्यक्ति को जांच की कार्रवाई पूरी होने तक अभिरक्षार्थ सुपुर्द कर दिया। विभाग द्वारा आगे की जांच के बाद उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अशोक और उनके परिवार द्वारा इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है तथा जांच के दौरान वे आवश्यक दस्तावेजों का प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई है।



### काले कपड़े पहनकर काम किया पटवारियों ने

**महासमुंद।** शासन से आवश्यक संसाधन की मांग को लेकर जिलेभर के पटवारी एक बार फिर आंदोलन की राह पर हैं। आंदोलन के तहत सोमवार को पटवारियों ने काले कपड़े पहनकर ड्यूटी दी। बाद शाम 4 बजे कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि वर्तमान में राजस्व संबंधी सभी कार्य ऑनलाईन किया जा रहा है। इसके अलावा कृषि संगणना, फसल कटाई प्रयोग भी ऑनलाइन मोबाइल एप या फिरक प्यूटर के माध्यम से किया जाता है। लेकिन, पटवारियों को किसी भी प्रकार का संसाधन अथवा संसाधन भत्ता उपलब्ध नहीं कराया जाता है। पटवारी निजी अथवा किराए पर लिए गए संसाधन के जरिए कार्य संपादित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग में बढ़ती आनलाइन प्रणाली के बाद भी तकनीकी संसाधन उपलब्ध नहीं कराने से संसाधन की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। आंदोलन के तहत सभी पटवारी आज काला कपड़े पहनकर काम कर रहे हैं और शाम 4 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यही नहीं मांग पूरी होने तक वे प्रत्येक सोमवार को काले कपड़े पहनकर करने का निर्णय लिया गया है। 15 दिसंबर के बाद पटवारी सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों और ट्रेनिंग तो 16 दिसंबर से सभी वाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार करेंगे। सोनी ने बताया कि इस संबंध में राजस्व पटवारी संघ की प्रांतीय बैठक रायपुर में हुई, जिसमें जिलाध्यक्ष व प्रांतीय कार्यकारिणी ने ऑनलाइन कार्यों में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। संघ ने शासन से समस्या का जल्द निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि स्थिति में सुधार नहीं होने पर पटवारी 16 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाईन कार्यों का बहिष्कार करने बाध्य होंगे। जिलाध्यक्ष सोनी ने बताया कि इसके पूर्व मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले पटवारी 11 दिनों तक हड़ताल पर थे तब राजस्व मंत्री और राजस्व सचिव ने अक्टूबर माह तक मांग पूरी करने का आश्वासन दिया था, पर मांग अब तक पूरी नहीं हुई जिसके चलते फिर से चरणबद्ध आंदोलन करना पड़ रहा है।

## फरार आरोपी की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज कर ली एफआईआर फिर मामला तूल न पकड़े इसलिए दर्ज की काउंटर रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जाड़ामुड़ा धान खरीदी केंद्र में हुए घोटाले का फरार आरोपी थाना पहुंचता है और वहां उसे गिरफ्तार करने की बजाय उसके द्वारा की गई शिकायत पर एफआईआर भी दर्ज कर ली जाती है। इस मामले में जब तूल पकड़ा और शिवसैनिकों ने आंदोलन की चेतावनी दी तो मामले में काउंटर रिपोर्ट दर्ज की गई लेकिन, फरार आरोपी को अब तक गिरफ्तार नही किया गया है।

यह मामला है जिले के थाना बसना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजपालपुर के आश्रित ग्राम जाड़ामुड़ा का। जहां शिवसैनिक के कब्जे की जमीन को बोर खनन के लिए पंचायत द्वारा एनओसी दिए जाने पर निराकार प्रधान और मनोहर प्रधान द्वारा शिवसैनिक अशोक प्रधान के साथ मारपीट का आरोप है। वहीं बसना थाना में इसकी शिकायत किए जाने पर अशोक प्रधान के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया। बता दें कि जाड़ामुड़ा धान घोटाले में 422, 467, 468, 471, 120 बी 34 के तहत आरोपी निराकार प्रधान, मनोहर प्रधान फरार आरोपी है। शिवसैनिकों ने पत्रकार वार्ता के दौरान आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा इनकी गिरफ्तारी न करते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान करते हुए संरक्षण दिया जा रहा है। मामले में शिवसैनिकों ने जाड़ा मुड़ा धान घोटाले के शेष आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की मांग करते हुए अन्यथा की स्थिति में आगामी दिनों में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।




### शिवसैनिक जाएंगे दिल्ली के जंतर मंतर

शिवसैनिक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, सेवक दास दीवान, अजय बंजारे सहित किसान अशोक प्रधान ने बताया कि हिंदू राष्ट्र की मांग, देश में समान नागरिक संहिता(यूसीसी) लागू किए जाने सहित कई अन्य राष्ट्रीय मांगों को लेकर शिवसैनिक 17 दिसंबर को दिल्ली के जंतर मंतर में आंदोलन में शामिल होंगे। शिवसैनिकों ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में हिंदू राष्ट्र की मांग, देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित किए जाने, देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने, देश में नागरिक संशोधन अधिनियम 2019 (सीएए/एनआरसी) को पूरे देश में लागू करने, सहित जनसख्या नियंत्रण हेतु दो बच्चों से अधिक होने से उस परिवार का आधार कार्ड, बैंक अकाउंट, सरकारी और प्राइवेट नौकरी राशन, गैस सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं आदि में उनको सरकारी लाभ ना दिए जाने का कानून पारित किए जाने, प्रदेश में जारी धर्मान्तरण को तत्काल प्रभाव से रोकने, देश में रोहिंग्या मुसलमानों की जारी घुसपैठ को रोकने सहित कई अन्य प्रमुख मांगों को साथ गौतस्करी को पूरी तरह से बंद करने और गौ हत्या करने वालों के उपर 302 अर्थात संशोधित अधिनियम भारतीय न्याय संहिता 2023 के अनुसार धारा 103 का हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की माग की गई है।

# सोर्स से लेकर डेस्टिनेशन प्वाइंट तक के गांजा तस्करी में लिप्त लोगों की धरपकड़ के लिए बनी टास्क फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा तस्करी के लिए सोर्स प्वाईंट से लेकर डेस्टिनेशन प्वाईंट तक के चैनल को तोड़ने जिला पुलिस द्वारा एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सितंबर माह में गठित टीम द्वारा अब तक तीन प्रकरणों में गांजा तस्करों की पूरी चैनल को खंगालते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

सोमवार को पुलिस कंट्रोल रुम में पत्रकारवार्ता में एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स में कुल 11 सदस्य हैं। जिनका नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक सारिका वैध ने किया। सितंबर में गठित इस टीम ने जिले में गांजा की खरीदी, बिक्री एवं परिवहन पर रोकथाम पर अब तक 5 अंतरराज्यीय तथा 4 अन्य कुल 9 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया छह दिसंबर को खल्लारी पुलिस ने एनएच 353 पर दो युवकों से 29 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने गोकुल नगर टिकरापारा निवासी के पास गांजा ले जाना बताया। जिस पर नसीम मोहम्मद उर्फ इरफान (33) को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार 13 अक्टूबर को वाहन चेकिंग के दौरान फारेस्ट नाका सिरपुर में ठाकुरीकांपा थाना जरहागांव मुंगेली निवासी दो युवकों के कब्जे से 4 किलो गांजा कुल कीमत 80 हजार रुपए बरामद किया।

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए गांजा परिवहनकर्ता ग्राम बरेला जिला मुंगेली निवासी प्रहलाद धुरी (26) के पास गांजा ले जा रहे थे और देवलगुड़ी तुसरा जिला बलांगीर ओडिशा निवासी झकेतन राणा (34) से खरीद कर ला रहे थे। परिवहनकर्ताओं के बताए अनुसार उक्त दोनों आरोपी, जिनके पास गांजा छोड़ा जाना था और जहां से गांजा लकर आए थे को गिरफ्तार किया। एएसपी ने बताया कि 1 दिसंबर को कोमाखान पुलिस ने स्कूटी से एक व्यक्ति को 3 किलो गांजे के साथ पकड़ा पूछताछ में पता चला कि पकड़ा गया आरोपी थोड़े-थोड़े मात्रा में गांजा एकत्र कर अपने रिश्तेदार जमुना ओडिशा हाल पता स्टेशन चौक कुम्हारी दुर्ग निवासी हुर्षिकेस बाघ के पास छोड़ता है। जिस पर एनटी नारकोट्क्सि टॉक्स फोर्स ने हुर्षिकेस बाघ को गिरफ्तार किया।



### जनवरी से अब तक गांजा के 116 मामले

एएसपी ने बताया कि जनवरी से अब तक जिले में गांजा परिवहन के 116 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिसमें 210 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। आरोपियों से 5412.53 किलो गांजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत 18 करोड़ 59 लाख 13 हजार 210 रुपए है। उक्त गांजे के परिवहन में प्रयुक्त 90 वाहनों को भी जब्त किया गया है। इसके अलावा नारकोटिक्स एक्ट के तहत दो अफीम पोस्त, 3 नशीली टैबलेट और एक नशीले सिरप का प्रकरण भी दर्ज किया।

## विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन तुमगांव में हुआ

# 100-400 मीटर दौड़ में भोरिंग की ममता धीवर रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 का आयोजन तुमगांव महासमुंद में खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा आयोजन प्रभारी डॉ. सुनील कुमार भोई द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें 100 मीटर, 400 मीटर, तवा फेंक, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी एवं फुटबॉल की प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे ने बताया कि महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 02 आयु वर्ग 9 से 18 वर्ष तक एवं 18 से ऊपर 35 वर्ष तक विभिन्न ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों के लगभग 250 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। उक्त विभिन्न गतिविधियों से खेलों का प्रचार-प्रसार के साथ, खेलों में महिलाओं की भागीदारी, महिलाओं को बेहतर मंच देने, उनकी प्रतिभाओं को दिखाने का बेहतर अवसर देने, महिलाओं का सम्मान करने सरकार के योजनाओं के तहत कार्यक्रम कराया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि पप्पू पटेल उपाध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव एवं विशिष्ट अतिथि नीलमणि चंद्राकर, हर्ष शर्मा, कीर्ति बघेल, आशीष साहू, लोचन साहू उपस्थित रहे। महिला खेल प्रतियोगिता के परिणाम- 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग खेल 100 मीटर दौड़ में सेजेस हिंदी स्कूल तुमगांव से प्रांजलि भारती ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान तुलसी साहू चिरको, तृतीय स्थान स्वयंसीता बेलसोंडा ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रांजलि भारती, द्वितीय स्थान निशा ध्रुव, तृतीय स्थान स्वयंसीता ने प्राप्त किया। तवा फेंक में प्रथम स्थान डिगेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान खुशबू साहू, तृतीय स्थान गीतांजलि साहू ने प्राप्त किया। 18 से अधिक 35 वर्ष तक आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में ममता धीवर ने प्रथम स्थान एवं पिंकी धीवर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम ममता धीवर, द्वितीय लिकेश्वरी साहू, तृतीय गायत्री ध्रुव ने प्राप्त किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता भोरिंग एवं उपविजेता बेलसोंडा रहीं। वॉलीबॉल में विजेता भोरिंग, उपविजेता सेजेश अंग्रेजी स्कूल तुमगांव रहीं। रस्साकसी प्रतियोगिता में बेलसोंडा विजेता एवं भोरिंग बना उपविजेता। खो-खो प्रतियोगिता में तुमगांव विजेता एवं भोरिंग उपविजेता रहीं। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेंडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में पुष्पा पाठक, जेकी जेश, प्रियंका श्रीवास्तव, परसराम साहू, भोजराम साहू, डोलेस होता, इंद्राणी भास्कर, कामता साहू, द्वारिका साहू, एवन साहू, जया जेम्स, कोसी एम कुवर्ला एवं रूप लाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता विकासखंड बसना का आयोजन 10 दिसंबर को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बसना में, विकासखंड सरायपाली 11 दिसंबर को हाई स्कूल सरायपाली में एवं विकासखंड पिथौरा 12 दिसंबर को खेल मैदान पिथौरा में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 100 मीटर, 400 मीटर, तवा फेंक, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी, फुटबॉल व अन्य खेल में विद्यालय, महाविद्यालय के साथ, संघ व इच्छुक महिला खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं।




### 36 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 09 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 36 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमे पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद वार्ड नंबर 7 नयापारा के मृतक विमल कावले, ग्राम तुमगांव के मृतक दुर्गा प्रसाद सोनी, ग्राम भोरिंग के मृतक गगनदीप जलक्षत्री, ग्राम तुमगांव के मृतक समारू यादव, ग्राम दर्रीपाली के मृतक विष्णु प्रसाद, ग्राम लभराकला की मृतिका देवबती ध्रुव एवं पिथौरा अंतर्गत ग्राम राजा सेवैयाखुर्द के मृतक दीपक कुमार डड़सेना के निकटम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत दी है। आग में जलने से मृत्यु होने पर कुम्हार पारा महासमुंद की मृतक त्रिलोका प्रजापति तथा सांप के काटने से मृत्यु होने पर बागबाहरा अंतर्गत ग्राम चंदरपुर के मृतक पुरूषोत्तम साहू के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### आज हिंदू रक्षा मंच की धर्म रैली

**नगरी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार के विरोध में हिंदू रक्षा मंच खंड नगरी द्वारा आज धर्म रैली का आयोजन किया गया है। मंगलवार को दोपहर 2 बजे राजबाड़ा से रैली निकलेगी।

### मुल्ले में मड़ई 21 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुल्ले में 21 दिसंबर शनिवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर मयारू बेटा नाचा पार्टी भाठागांव बी. सिकोसा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अध्यक्ष अर्जुन सोनवानी ने दी है।

### कमार बसाहटों में श्रमिक पंजीयन शिविर

**धमतरी।** प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) योजनान्तर्गत बसाहटों में श्रमिकों के पंजीयन हेतु शिविर आयोजित किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 10 दिसम्बर को बगरूमनाला के आमापारा और कवाचीपारा बसाहट में, 11 दिसम्बर को बिरनासिल्ली, 12 दिसम्बर को राजपुर के कमारपारा और 13 दिसम्बर को कसपुर रैयत के जामपानी कमारपारा में श्रमिकों का पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। इसके लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### श्रमिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 19 तक

**धमतरी।** सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 19 दिसम्बर तक जिले में श्रमिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 10 दिसम्बर को नगरी के बगरूमनाला, 11 दिसम्बर को मगरलोड के बेलरदोना, 12 दिसम्बर को नगरी के राजपुर (कमारपारा), 13 दिसम्बर को धमतरी के अछोटा, 14 दिसम्बर को नगरी के नवागांव कसपुर, 15 दिसम्बर को कुरूद के संकरी, 16 दिसम्बर को भोथली, 17 दिसम्बर को धमतरी के आमदी, 18 दिसम्बर को कुरूद के भखारा और 19 दिसम्बर को मगरलोड के सिंगपुर में श्रमिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

### मुल्ले में पंथी नृत्य प्रतिस्पर्धा 19 से

**जीजामगांव।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर सतनामी समाज मुल्ले द्वारा 19 एवं 20 दिसंबर को पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्ज्वलन के अतिथि भूषण जांगड़े पीडब्ल्यूडी, ठाकुर रात्रे प्रोफेसर, दूजराम सोनवानी एएसआई, चंद्रिका प्रसाद सोनवानी होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष अर्जुन सोनवानी, उपाध्यक्ष अनूप बारले, कोषाध्यक्ष कामताप्रसाद सोनवानी, सचिव जयंत कुर्रे, संयोजक देवनारायण टंडन सहित सतनामी समाज के सदस्य जुटे हुए हैं।

# रविवि प्रबंधन ने अंततः खरीदे खिलाड़ी छात्रों के लिए ट्रैकसूट

**हरिभूमि ने उठाया था खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट नहीं देने का मुद्दा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खबर का असर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने अंततः अपने खिलाड़ी छात्रों के लिए ट्रैकसूट की खरीदी कर ली है। पिछले शैक्षणिक सत्र में रविवि ने अपने विद्यार्थियों को ट्रैकसूट का वितरण नहीं किया था।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के प्रारंभ में टेंडर और खरीदी को लेकर लेट-लतीफी की गई। इसके बाद विधानसभा आचार संहिता का हवाला देकर वितरण नहीं किया जा सका। पिछले सत्र में खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट के बगैर ही खेल गतिविधियां पूर्ण करनी पड़ी थी। कई महाविद्यालयों ने इसे लेकर नाराजगी भी जाहिर की थी। हरिभूमि ने खिलाड़ी छात्रों की इस समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया था। अब शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 1230 नग ट्रैकसूट की खरीदी की गई। इसके लिए 10 लाख 7 हजार 370 रुपए का भुगतान रविवि द्वारा संबंधित फर्म को करने कार्यपरिषद की बैठक में निर्णय पारित किया गया है। गौरतलब है कि अंतरमहाविद्यालयीन खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों को रविवि द्वारा ट्रैकसूट प्रदान किए जाने का नियम है। खरीदी पश्चात वर्तमान सत्र में खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट प्रदान किए जा रहे हैं।

### परीक्षा में खर्चे 4 करोड़ 16 लाख

शैक्षणिक सत्र 2023-24 की वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं में रविवि द्वारा 4 करोड़ 16 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। सामान्यतः महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा संबंधित कार्यों में अपने मद से राशि का व्यय किया जाता है। इसके पश्चात रविवि पैसों का भुगतान करता है। कार्यपरिषद की बैठक में इस शेष राशि का भुगतान करने निर्णय पारित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए परीक्षा कार्य जारी है। इसमें खर्च होने वाली राशि का भुगतान अगले शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा।



■ कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया फैसला

### निशुल्क होगा अंकसूची सत्यापन

इसके अतिरिक्त रविवि द्वारा अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी कार्यपरिषद की बैठक में लिए गए हैं। अब तक रविवि अंकसूची अथवा उपाधि प्रमाणपत्र सत्यापन व छायाप्रति के लिए निर्धारित शुल्क लेता रहा है। लेकिन पुलिस को अब यह सुविधा निशुल्क रूप से प्रदान की जाएगी। केंद्र अथवा राज्य शासन द्वारा होने वाली पुलिस संबंधित जांच में सहयोग करने के लिए रविवि ने व्यवस्था में यह बदलाव किया है। हालांकि अन्य विद्यार्थियों से पूर्ववत ही शुल्क लिए जाते रहेंगे। यह सुविधा सिर्फ पुलिस को कार्रवाई में सहयोग करने के उद्देश्य से दी जा रही है। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष थोक में पुलिस के बाद फर्जी मार्कशीट से नौकरी हासिल करने सहित कई तरह के मामले सामने आते रहे हैं। इनके समाधान के लिए विश्वविद्यालय के सहयोग की आवश्यकता पुलिस विभाग को होती है।

**प्रदेशभर से पहुंचे 200 से अधिक बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक**

# रोजगार सुरक्षा के लिए किया हनुमान चालीसा पाठ, पुलिस ने रोका, भिड़े शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रविवार दोपहर राम मंदिर के समक्ष जमकर हंगामा हुआ। यहां प्रदेशभर से 200 से अधिक की संख्या में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक पहुंचे हुए थे। वे अपनी नियुक्ति रद्द नहीं करने की मांग लेकर यहां पहुंचे हुए थे। नौकरी की रक्षा के लिए वे यहां हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे, लेकिन हनुमान चालीसा की पंक्तियां पूर्ण होने के पूर्व ही पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर कहा-सुनी हुई।

पुलिस ने प्रदर्शनकारी लोगों को जबरन खदेड़ा। दोपहर में मंदिर के पट बंद होने के कारण प्रदर्शनकारी शिक्षक मंदिर के बाहर ही बैठकर पाठ करने लगे। पुलिस द्वारा हटाए जाने पर भी नहीं हटने के बाद दोनों पक्षों में गहमागहमी शुरू हो गई। करीब घंटेभर तक दोनों पक्षों में तकरार चली। इस दौरान यातायात भी प्रभावित रहा।

**अपनी नियुक्ति यथावत बनाए रखने की मांग, पुलिस ने खदेड़ा**



### 14 महीने से नौकरी कर रहे हैं 2900 सहायक शिक्षक

कांग्रेस शासनकाल में शिक्षकों के 10 हजार पदों पर भर्तियां निकाली गई थी। इस दौरान प्राथमिक कक्षाओं में बीएड डिग्रीधारी 2 हजार 900 अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। जिन शिक्षकों को हटाकर डीएलएड डिग्रीधारियों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही है, वे बीते 14 माह से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश में यह पहला मामला होगा, जब इतनी बड़ी संख्या में किसी को नियुक्ति देकर लंबे समय तक सेवा लेने के पश्चात पदमुक्त किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

### यह है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापक के पद पर सेवाएं देने सिर्फ डीएलड डिग्रीधारियों को ही योग्य ठहराया था। इसके उलट प्रदेश में बीएड डिग्रीधारियों को भी प्राथमिक कक्षाओं में पदस्थ कर दिया गया था। डीएलएड डिग्रीधारियों ने इन नियुक्तियों को कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि डीएलएड वालों की लिस्ट जारी करें। आदेश के बाद भी शासन द्वारा बीएड शिक्षकों को उनके पदों से नहीं हटाया गया और ना ही डीएलएड वाले अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। 10 दिसंबर को कंटेप्ट-ऑफ-कोर्ट की सुनवाई होने वाली है। इसके बाद प्राथमिक कक्षाओं में बतौर सहायक शिक्षक नियुक्त बीएड डिग्रीधारियों को हटाए जाने की आशंका है। इसके विरोध में ही शिक्षक प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

### लंबे समय से चल रहा विवाद

बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक पूर्व में भी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। उनके द्वारा विभिन्न स्तर पर मंत्री और शासन-प्रशासन के लोगों से मुलाकात कर अपनी मांग रखी जा चुकी है। इसके बाद भी उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी है। बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक जो प्राथमिक कक्षाओं में सेवारत हैं, का कहना है कि उन्हें डीएलएड की पढ़ाई सेवा के साथ-साथ करा दी जाए, जिससे उनकी नौकरी सुरक्षित रहे और न्यायालय के आदेश की अवमानना ना हो।

### सुनाई अपनी पीड़ा

प्रदर्शन के दौरान बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों ने अपनी पीड़ा भी बताई। कई का कहना था कि वे अपने घर में एकलौते कमाने वाले हैं तो कई ने इस नौकरी के लिए निजी नौकरी ठुकराए जाने की बात कही। कई शिक्षकों ने बताया कि उनकी शादी इस शासकीय नौकरी के आधार पर ही तय हुई थी। शासकीय नौकरी नहीं रहने पर अब उनके रिश्ते पर भी संकट मंडरा रहा है। इस तरह की अन्य पारिवारिक व आर्थिक दिक्कतें प्रदर्शनकारियों ने साझा की।

## पॉवर कंपनीज़ बैडमिंटन का फाइनल जीता रायपुर रीजन ने

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में रायपुर रीजन विजेता रहा। टीम इवेंट में कोरबा वेस्ट की क्षेत्र उपविजेता रही।

पुरस्कार वितरण समारोह 9 दिसंबर को कंचना स्थित निजी कोर्ट में होगा, जिसमें प्रबंध निदेशक गण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पॉवर कंपनीज की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान से आयोजित अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रदेशभर की 10 टीम हिस्सा ले रही हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव विनय चंद्राकर ने बताया कि टीम इवेंट की प्रतियोगिता में रायपुर रीजन एवं कोरबा वेस्ट के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। रायपुर की टीम ने 12 वर्षों की चैंपियन कोरबा वेस्ट की टीम 03-02 से पराजित किया। विजेता टीम के खिलाड़ी योहन नायक, राजेश ठाकुर, दिलेश्वर ठाकुर, के गिरीश व नवीन इक्का ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। कोरबा वेस्ट के खिलाड़ी अविनेश पाठक, सीमांत मिंज, एम जोशी, नरेंद्र उइके एवं गौरव गुप्ता ने कांटे की टक्कर दी।

सोमवार 9 दिसंबर को महिला एकल में झरना लता साहू व संध्या रानी के बीच फाइनल मुकाबला होगा। महिला युगल का फाइनल कोरबा पूर्व और रायपुर सेंट्रल के बीच होगा। पुरूष युगल का मुकाबला रायपुर सेंट्रल व बिलासपुर क्षेत्र की टीम के बीच कल खेला जाएगा।

# बलौदाबाजार के फरार बदमाशों ने नकली नोट से गांजा खरीदने रायपुर में बनाया था ठिकाना



■ नोट खपाने से पहले पकड़े गए शातिर

■ हत्यारोपी को फरार कराने समेत मारपीट तथा गांजा तस्करी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बलौदाबाजार जिले की लवन पुलिस ने नकली नोट खपाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों एक हत्यारोपी को फरार कराने में मददगार होने के आरोपी हैं। इनमें एक गांजा बेचने तथा मारपीट के मामले का फरार आरोपी है। बदमाश भाठागांव स्थित विनायक नगर में किराए का मकान लेकर नकली नोट छापने का काम कर रहे थे।

लवन टीआई केशर पराग के मुताबिक, भुवन साहू उर्फ भूपेश तथा तुषाल उर्फ सोनू साहू को नकली नोट खपाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूरे मामले का खुलासा करते हुए बलौदाबाजार एएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश तुषाल तथा भुवन के खिलाफ हत्या के आरोपी को फरार कराने का मामला दर्ज है, इनमें भुवन गांजा तस्करी तथा मारपीट के मामले में फरार आरोपी है। बदमाश पुलिस से बचने चार माह पूर्व फरारी काटने रायपुर में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। वे रवि भवन स्थित किसी मोबाइल दुकान में काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल एक अन्य बदमाश फरार है।

### नकली नोट से गांजे के कारोबार की थी योजना

पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उनकी योजना बड़े पैमाने पर नकली नोट बनाकर, ओडिशा से गांजा लाकर यहां बेचने की योजना थी। इसके लिए उन्होंने एक कलर प्रिंटर खरीदा और ओरिजनल करेंसी की हूबहू कॉपी कर नकली नोट प्रिंट करने लगे।

### नोट ऐसे कि कोई असल-नकल की पहचान न कर पाए

पुलिस के अनुसार, बदमाश क्षेत्र में कुछ नकली नोट बाजार में चला चुके हैं। बदमाश नोट खपाकर ये पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि उनके द्वारा प्रिंट किए गए नकली नोट को कोई पहचान पा रहा है या नहीं। बदमाश सौ रुपए के नकली नोट में नकली चांदी की हरी पट्टी तक लगा चुके थे, जिसे सामान्य व्यक्ति आसानी से पहचान नहीं सकता कि नोट असली है या नकली।

# शहीद वीरनारायण सिंह का परिवार बलिदानी, कोर्ट ने दी थी कालापानी की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के तीन राजवंशों ने अंग्रेजों के साथ युद्ध करते हुए खुद को न्योछावर किया था। सोनाखान के जमींदार शहीद वीरनारायण सिंह, संबलपुर के जमीदार माधो सिंह और राजगद्दी के दावेदार वीर सुरेंद्र साय ने सैकड़ों साथियों का आजादी के लिए बलिदान कर दिया था। रविवार को पत्रकारवार्ता में महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि रायपुर कोर्ट से पहली बार उन्हें कालापानी की सजा सुनाई गई थी। बलिदानी परिवार के बारे में युवा जान सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री से मिलकर उनके जीवन संघर्ष से जुड़ी गाथा पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि माधो सिंह, वीरनारायण के ससुर और शहीद हटे सिंह उनके साले थे।


■ पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

उन्होंने दो बड़े अंग्रेज सैन्य अधिकारियों का वध किया। घटनाक्रम को देखते हुए माधो सिंह के पुत्र हटे सिंह एक नायक की तरह उभरे। वे छत्तीसगढ़ के पहले क्रांतिकारी थे, जिन्हें अंग्रेजों ने कालापानी की सजा देकर अंडमान की सेल्यूलर जेल में डाला था। जहां से वे कभी लौटकर नहीं आए।

*पराक्रम और त्याग से आमजन अनजान : श्री साहू ने बताया कि वीरनारायण सिंह, माधो सिंह, हटे सिंह और उनके परिवार के बलिदान को अब इतिहास के पन्नों से बाहर निकालने की जरूरत है।*

## दरबा में मितानिनों एवं स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान


**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत दरबा में मितानिन दिवस मनाया गया। सभी मितानिनों का सरपंच सीमा बघेल ने साड़ी और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी मितानिन बहनें स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी है। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन निचले स्तर पर इन्ही की सहायता से होती है। सरपंच ने कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता दीदियों का भी सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सीमा बघेल, उपसरपंच प्रहलाद सपहा, पंचगण गुहलेद साहू, युवराज भतपहरी, कौशलेश आडिल, सोम साहू, श्रीमती पद्मनी साहू, उमेश्वरी निर्मलकर, ममता साहू, उर्मिला चेलक, ललिता सपहा, जामुन लहरे, शशिकला कोसरिया, संतोषी साहू, छम्मन साहू भृत्य, रूपेश सपहा उपस्थित थे।

# बढ़ी ब्रेन स्ट्रोक की शिकायत, छोटा पड़ने लगा डीकेएस का न्यूरोलॉजी विभाग

■ लंबा इलाज होने के कारण फुल रहता है विभाग, 30 से बढ़ाकर 50 बेड करने की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ क्रिटिकल केयर को वित्त की मंजूरी का इंतजार, तीन नए विभाग शुरू करने का प्रस्ताव



हरिभूमि सरोकार

बदलती लाइफ स्टाइल के चलते ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की बढ़ती संख्या की वजह से डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का न्यूरोलाजी विभाग अब छोटा पड़ रहा है। उपचार अवधि लंबी होने से यहां के बिस्तर खाली नहीं मिलते, इसे ध्यान में रखते हुए क्षमता 30 से बढ़ाकर 50 किए जाने की योजना है। यहां क्रिटिकल केयर सहित चार नए विभाग भी शुरू करने का प्रस्ताव है।

करीब चार सौ बेड की क्षमता वाले डीके अस्पताल में आठ विभागों का संचालन किया जा रहा है। यहां सबसे अधिक मरीज न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग में भर्ती हैं। पिछले कुछ समय से ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़े हैं, जिसकी वजह से डीकेएस के इस विभाग में 30 बेड का वार्ड अक्सर फुल रहता है। कई बार स्थिति ऐसी होती है कि मरीजों को इलाज के लिए क्रिटिकल केयर सहित अन्य विभागों में रखना पड़ता है। मरीजों की संख्या अधिक होने से यहां की क्षमता में विस्तार जरूरी है और इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। आने वाले दिनों में यहां 50 मरीजों को भर्ती कर उपचार की सुविधा दी जाएगी। इसी तरह कोरोनाकाल में डीके अस्पताल में प्रारंभ किए गए क्रिटिकल केयर का सेटअप अलग करने वित्त विभाग से मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। अभी इस विभाग को इमरजेंसी मेडिसिन की मदद से संचालित किया जा रहा है। अस्पताल में मरीजों की सुविधा के विस्तार और एमसीएच का कोर्स प्रारंभ करने के लिए चार विभाग शुरू किए जाने की तैयारी चल रही है।

### विस्तार की जरूरत

न्यूरोलॉजी विभाग में उपचार की प्रक्रिया लंबी होती है, इसलिए यहां बेड फुल रहते हैं। मरीजों की सुविधा के लिए बेड बढ़ाने की आवश्यकता है। यहां तीन नए विभाग और एक विभाग का अलग सेटअप बनाने की योजना भी प्रस्तावित है।

- **डॉ. हेमंत शर्मा,** उपअधीक्षक, डीके अस्पताल

### ब्लड, हार्मोंस और वात रोग का इलाज

भविष्य में डीके अस्पताल में रक्त संबंधी बीमारियों की जांच के लिए हेमेटोलॉजी, हार्मोस से संबंधी जांच के लिए एंडोक्रिनोलॉजी तथा वात रोग की वजह से होने वाले बीमारियों के इलाज के लिए रुमेटोलॉजी विभाग प्रारंभ किए जाने की योजना है। बदलते समय और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से शासकीय सेक्टर में इन बीमारियों के उपचार की सुविधा देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### नई बिल्डिंग की जरूरत

अस्पताल से संबंधित चिकित्सकों का कहना है कि विभागों की संख्या बढ़ाने और वहां एमसीएच कोर्स का संचालन करने के लिए ज्यादा जगह की आवश्यकता होगी। संचालित आठ विभाग और प्रशासनिक ब्लॉक के बाद यहां अतिरिक्त निर्माण की संभावना कम है। इसके लिए यहां करीब दो सौ बेड की क्षमता वाली नई बिल्डिंग बनाने की आवश्यकता होगी। पुरानी योजना के अनुसार यहां नए भवन का निर्माण भी लंबित पड़ा है।

**इस तरह के आयोजन से युवाओं को अपनी कला निखारने का मंच मिलता है : दीपक सिंह**

# आजा नच के दिखा..राज्य भर के कलाकारों ने मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राज्यस्तरीय नृत्य प्रतियोगिता आजा नच के दिखा का आयोजन यूथ क्लब एवं सनातन सेना के संयुक्त समन्वय से हुआ। इस कार्यक्रम में राज्य भर के कलाकारों ने हिस्सा लिया। इसका ऑडिशन 1 दिसम्बर को हुआ था। कार्यक्रम में जूनियर डांसर, ग्रुप डांसर, सीनियर डांसर ने दी प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य का भी प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि छत्तीसगढ़ फिल्म की दिया वर्मा, श्वेता शर्मा, विशेष लखोटिया, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, जना बैंक की प्रबंधक पिंकी सोनी, पार्षद राजेश ठाकुर, चिकित्सक सुमित गुप्ता थे। इस अवसर पर सनातन सेना के दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि युवा वर्ग को अपनी कला निखारने प्लेटफार्म मिलते रहना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों से अपनी कला के माध्यम से माता पिता और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। राजेश ठाकुर ने कहा कि कभी किसी निर्णय से निराश और उदास नहीं होना चाहिए। स्वयं के हुनर को जानना जरूरी है क्योंकि सबको भगवान अलग-अलग गुणों से सम्पन्न बनाता है।




कार्यक्रम में लगभग 35 नृत्य का प्रदर्शन प्रतिभागियों द्वारा किया गया। सब जूनियर अरयाना खान, रिशा खेतान, अनय गोलचा, जूनियर सेजल, मुस्कान शर्मा, आंचल जैन, सीनियर धनंजय साहू, डेथ स्ट्राम मुकेश मरकाम, नितेश कश्यप, समूह द मोटर क्रेव भिलाई, नृत्य मोटर क्रू भिलाई, द नेक्स मूव भिलाई, पायल एंड डॉली रहे। कार्यक्रम के संरक्षक दीपक लखोटिया थे। इस आयोजन में चिराग साहू, मयंक, विख्यात, भोजराज, झालेन्द्र, ओके सिन्हा, वेदप्रकाश, दीपकसिंह ठाकुर, संदीप अग्रवाल, डाकेश्वर साहू, चित्रेश, अमित सोना, आयुष, पीयूष परख, कैलाश बख्तानी, नितेश साहू, अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा का सहयोग रहा।



## सिख प्रीमियर लीग में जीकेएस रायपुर और तारु सिंह फाउंडेशन की जीत

**रायपुर।** 16 वीं सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत रविवार को रोमांचक मुकाबले हुए। पहले मैच में जीकेएस रायपुर की टीम ने शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर को 3 विकेट से पराजित कर जीत हासिल की। जीकेएस के अर्जुन सिंह को 3 विकेट लेने व 18 रन बनाने के कारण प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने 93 रन के विशाल अंतर से सिंह इलेवन पलपोरा कश्मीर को हराया। इस टीम के किवनूर सिंह छाबड़ा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अतिथियों ने प्रदान किया। इस मैच के अतिथि गुरप्रीत सिंग बांभरा, प्रभजोत सिंह सोनी (चण्डीगढ़), लखविंदर सिंह लकी, बलराज सिंह व हरविंदर सिंह थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 156 रन बनाए। गगनजीत सिंह व गगनदीप ने 35-35 रन बनाये। 22 रन बनाकर मनदीप नॉट आउट रहे। जीकेएस की ओर से अर्जुन सिंह ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। हरजीत व विक्रम ने 2-2 विकेट लिए। जीकेएस रायपुर की टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए जीत का लक्ष्य 15.5 ओवर में ही 158 रन बनाकर पा लिया। उन्होने 7 विकेट ही गंवाए। सर्वाधिक 45 रन (27 गेंद) बनाने वाले परविंदर सिंह नॉट आउट रहे। कश्मीर की ओर से गुरदीप व भूपिंदर ने 3-3 विकेट लिए। विकेट कीपर राज ने 35 रन व जस्सी वीर ने 23 रन बनाये। जीकेएस के अर्जुन सिंह को 3 विकेट लेने व 18 रन बनाने के कारण प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहले मैच के अतिथि प्रीतपाल सिंह चंडोक, राजिंदर सिंह भसीन, बलदेव सिंह भसीन, जेएस बांभरा व गुरुबख्श सिंह थे। दूसरे मैच में इस टूर्नामेंट का अब तक सर्वाधिक रन शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन की टीम ने 20 ओवर खेलकर 231 रन बनाया जबकि उन्होने केवल 4 विकेट ही गंवाए।

# घासी घसिया समाज के निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए नंदू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

प्रदेश अध्यक्ष घासी घसिया समाज के आदेश अनुसार रेस्ट हाउस बागबाहरा में जिला स्तरीय मीटिंग आयोजित किया गया। जिसमें पांचों इकाई के पदाधिकारी व सामाजिक गण उपस्थित रहे। जिसमें सभी के सहमति से नंदू सोनी को जिला अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया, जिसमें इकाई महासमुंद से अध्यक्ष जय किसान सोनी, उपाध्यक्ष परमे कुमार, सचिव जय किसान सोनी, सहसचिव फ़क़ीर सोनी, कोषाध्यक्ष गोपाल सोना, महामंत्री गोपाल सोना, मीडिया प्रभारी सुमन सेंद्रे, संगठन मंत्री राजू कुमार मनोज कुमार चुने गए।



इकाई बागबाहरा अध्यक्ष नंदू सोनी, उपाध्यक्ष काशीनाथ, कोषाध्यक्ष हंसराज, कुमार, महामंत्री रवि कुमार, सचिव नितेश सेंदुर, राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी एवन कुमार, विक्की कुमार, दूतो सागर, जलधर सोनी, बजरंग सागर, रफीस कुमार, कृष्णा सागर, जय सोनी, पूरब कुमार, ताराचंद। इकाई पिथौरा अध्यक्ष मुकेश दीप, उपाध्यक्ष रोशन डोंगरे, सचिव आनंद कलेत, संरक्षक हरिराम सेंदरिया, सलाहकार होराराम सोना, चपरासी सुरेंद्र डोंगरे। इकाई बसना अध्यक्ष शत्रुधन दीप, उपाध्यक्ष गाजिन डोंगरे, सचिव कमलेश डोंगरे, सहसचिव शत्रुधन सोना, प्रकाश सेंद्रे, कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज। इकाई सराईपाली अध्यक्ष लक्ष्मी बेहरा, उपाध्यक्ष पीतांबर बाघ, महामंत्री विशंबर सोना, सचिव राजा सोना, सामाजिक गण उपस्थित थे।

### नगरीय प्रशासन विभाग आबादी के आधार पर तय करेगा आरक्षण

# नगरीय निकाय चुनाव की उल्टी गिनती शुरू तारीखों का ऐलान आरक्षण तय होने के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों को लेकर काउंटडाउन शुरू हो गया है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ ही नगरीय निकाय विभाग मेयर, नगरपालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण तय करने की कवायद में जुटा है। इसके बाद निर्वाचन आयोग इसी माह के अंतिम सप्ताह में चुनाव तारीखों का ऐलान कर सकता है।

- 6 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायतों में नया कार्यकाल शुरू होना है

माना जा रहा है कि 6 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायतों में नया कार्यकाल शुरू होना है, ऐसे में माना जा रहा है कि दिसंबर और जनवरी के बीच में ही छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं। 11 दिसंबर तक निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन होना है। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कहा जा रहा है कि दिसंबर में छत्तीसगढ़ में आचार संहिता लग सकती है। चुनाव आयोग ने भी मतदाता सूची से लेकर दूसरी सभी तैयारियां तेज कर दी हैं, क्योंकि जनवरी में निकायों का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। ऐसे में निर्वाचन आयोग के अलावा राज्य सरकार ने भी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी निकायों का परिसीमन पूरा होने के बाद अब नगरीय प्रशासन विभाग को यहां पर आबादी के आधार पर आरक्षण तय करना है। निकाय के जिन पदों के आरक्षण राज्य स्तर से तय होने हैं, उनमें जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष के पद शामिल हैं। उन पदों के लिए ऐसे निकायों की कुल जनसंख्या के आधार पर आरक्षित पदों की संख्या तय की जाएगी। उनमें से एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

#### आरक्षण से तय होंगी मेयर की सीटें

*वहीं नगरीय निकाय चुनाव के लिए नए सिरे से परिसीमन होने की वजह से मेयर और पार्षदों की सीटें भी नए सिरे से ही आरक्षित की जाएंगी। राज्य में महापौर के पदों की कुल संख्या में अजा और अजजा के लिए 50 प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित होने पर कुल स्थानों की संख्या के 50 प्रतिशत की सीमा के अधीन रहते हुए शेष स्थान ओबीसी के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे। अगर किसी स्थान पर अजा और अजजा की जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक होती है तो ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं किया जाएगा।*




#### 20 के बाद आचार संहिता लगने की संभावना

नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को लेकर 20 दिसंबर के बाद आचार संहिता लगाई जा सकती है। 11 दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होना है। बताया जाता है कि जनवरी तक नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंचायत चुनाव 4 या 5 चरण में कराए जा सकते हैं।

#### ऐसे तय होगा आरक्षण

*ऐसे नगर निगम के वार्ड, जहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए 50 प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हैं, वहां निकटतम रूप से कुल स्थानों की संख्या के 50 प्रतिशत की सीमा के अंदर रहते हुए शेष स्थान ओबीसी के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित की जाएगी। ऐसे स्थान अलग-अलग वार्डों के लिए चक्रानुसार आरक्षित किए जाएंगे। अगर किसी स्थान पर अजा और अजजा का कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक है तो अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया जाएगा।*

## नन्हे यात्री कर रहे मैत्री एक्सप्रेस को हरी झंडी का मिलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मैत्रीबाग में बच्चों की ट्रेन बंद होने से नन्हें पर्यटकों में निराशा है। यह ट्रेन पिछले लंबे समय से बंद पड़ी है। इसके चलते बच्चे इसका लुत्फ नहीं उठा पा रहे हैं। बेबी ट्रेन के शुरु हो जाने से मैत्रीबाग में रौनक के साथ आय भी बढ़ेगी।

- मैत्रीबाग में बच्चों की ट्रेन बिगड़ी पड़ी, नन्हे पर्यटक निराश

मैत्रीबाग में बच्चों की ट्रेन पिछले करीब पांच से साल से बिगड़ी पड़ी है। इसकी वजह ट्रेन के 50 साल पुराने इंजिन के प्रमुख कलपुर्जे खराब होना है। इसके चलते पिछले दस साल के दौरान यह ट्रेन कई बार बिगड़ने के बाद रिपेयरिंग कर चालू भी की गई। बताते हैं कि मैत्रीबाग की तत्कालीन प्रभारी एजीएम स्व. टीएस क्षत्री हथौड़ा प्लायर लेकर खुद इसे रिपेयर कर स्टार्ट कर लेते थे। लेकिन पुराने इंजिन के खराब हो चुके कलपुर्जे नहीं मिलने से रेलगाड़ी पिछले चार साल से बंद पड़ी है। इससे मैत्रीबाग आने वाले बच्चों को को निराश होना पड़ रहा है। पालकों ने बताया कि बच्चे अपनी ट्रेन में सफर करने की जिद करते हैं लेकिन जब वे गैराज में खड़ी ट्रेन को देखते हैं तो हताश हो जाते हैं। ट्रेन के जल्द चालू हो जाने से बच्चे इसका मजा ले सकेंगे और मैत्रीबाग की रौनक के साथ आय भी बढ़ेगी। मैत्रीबाग में पचास साल पुरानी बच्चों की ट्रेन नन्हें पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही है। मैत्री एक्सप्रेस नामक इस रेलगाड़ी में इंजिन सहित पांच बहुरंगीन बोगियां हैं।

प्लेटफार्म भी आकर्षक है। जंगलनुमा सघन पेड़ों के बीच से करीब आधा फर्लांग तक घुमावदार रेलवे ट्रैक पर पुलियों व टनल से गुजरते हुए गाड़ी अपने नन्हे सैलानियों को रोमांचक सफर कराती थी। सफर करते हुए बच्चों के साथ बैठे पालक भी खुश होते थे। लेकिन अब बेबी ट्रेन के बंद होने से यह प्लेटफार्म सूनसान व बैरौनक है।

## बाघों की आमद इतनी कि प्रबंधन संभाल नहीं पा रहा

**रायपुर।** बाघ के लिए तरस रहे छत्तीसगढ़ के जंगलों में पड़ोसी राज्य के बाघों की बड़ी तेजी से आमद हो रही है। बाघों की यहां जिस रफ्तार से आमद हो रही है, उस तेजी से प्रबंधन मैनेजमेंट करने में असफल साबित हो रहा है। असफल प्रबंधन का एक ऐसा ही वीडियो सामने आया है, जिसमें एक बाघ का ड्रोन से वीडियो बनाया जा रहा है। जिस समय ड्रोन से यह वीडियो बनाया जा रहा था, उस समय बाघ सो रहा था। ड्रोन की आवाज सुनकर बाघ नींद से जाग गया और सुरक्षित स्थान की तलाश में किसी दूसरी जगह निकल गया। गौरतलब है कि जिस बाघ का ड्रोन वीडियो सामने आया है, वह अनूपपुर से भटकते हुए मरवाही के जंगल में आई मादा बाघ बताई जा रही है।

## 20 वार्डों में सालभर में 139 करोड़ के काम

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम के भाजपा विधायक राजेश मूणत ने चौथी बार विधायक बनने के बाद 4 दिसंबर 2023 से अपने विधानसभा क्षेत्र में वार्डों की जरूरत का सर्वे शुरू किया और सिर्फ एक साल में सभी वार्डों में विकास के नए काम किए हैं। उन्होंने अपनी विधायक निधि के अलावा सीएम विष्णुदेव साय तथा पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के जरिए वार्डों में सालभर में 139 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने राजधानी में सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के अपग्रेडेशन तथा निर्माण का सबसे बड़ा अभियान प्रारंभ किया है। गुढ़ियारी में पहले सरकारी कॉलेज की आधारशिला रखने के साथ राजेश मूणत ने युवाओं को बड़ी सुविधा देने पर अमल शुरू कर दिया है। हीरापुर और जरवाय में लाखों लोगों को सुरक्षित रास्ते मिलेंगे। तकरीबन हर वार्ड में प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक के सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए ऐसी सुविधाएं जुटा रहे हैं, ताकि छात्रों को स्कूल आने में अच्छा महसूस हो। विधायक निधि तथा अन्य मदों से श्री मूणत ने वार्डों में सामुदायिक भवनों और आंगनबाड़ी भवनों की जैसे झड़ी लगा दी है।



## महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों में रामरक्षा स्तोत्र-हनुमान चालीसा पाठ



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति के मार्गदर्शन में सभी 16 महिला केंद्रों ने प्रत्येक शनिवार को आयोजित रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन शनिवार को भी बड़े उत्साह के साथ किया। मंडल के तात्यापारा, चौबे कालोनी, टाटीबंध, डगनिया समेत लगभग सभी केंद्रों की महिलाओं ने रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर उनके साथ ऐसे कई भक्तजन भी जुड़े, जो महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद नहीं हैं। आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था अभय काले ने बताया कि समिति की ओर से प्रत्येक शनिवार यह आयोजन 48वें सप्ताह भी निरंतर जारी रहा। सामूहिक पाठ करने वालों में अनुभा जाऊलकर, नमिता शेष, भावना राजिमवाले, रश्मि डांगे, ज्योति डोलस, प्रिया जोगलेकर आदि उपस्थित थीं।

### खबर संक्षेप



#### 16 को मनाया जाएगा विजय दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए शहीद स्मारक एवं आसपास जगह पर तैयारी की जा रही है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि भारत देश में विजय दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है और पूरे विश्व ने भारतीय सैनिकों के शौर्य को सलाम दिया जाता है इस दिन भारतीय सैनिकों ने अपनी वीरता और साहस से पाकिस्तान के सैनिकों को घुटनों पर ला दिया था 16 दिसंबर के दिन भारतीय सैनिकों के परिवार के लोगों का सम्मान किया जाता है।

#### विभाग ने किया वृद्धजनों को सम्मानित



**महासमुंद।** राज्य सरकर गठन के 13 दिसम्बर को एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन 09 से 20 दिसंबर 2024 के मध्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के आयोजित किया जाएगा। उक्त निर्देश के परिपालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा आशियाना वृद्धाश्रम दलदली रोड़ में वृद्धजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए खेल-कूद कार्यक्रम का आयोजन, विशेष भोजन की व्यवस्था की गई। वृद्धजनों का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह जिले की आश्रम छात्रावास में बालिकाओं के खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे खो-खो, कबड्डी एवं अन्य स्थानीय खेलों को सम्मिलित किया गया तथा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया।

#### आदित्य को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान

**रायपुर।** राजधानी निवासी 11 वर्षीय आदित्य राजे को नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान-2024 प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण एवं योग के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। आदित्य राजे को यह सम्मान ललिता देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस छतरपुर नई दिल्ली में टीवी कलाकार गजेंद्र चौहान द्वारा प्रदान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए अलग-अलग राज्यों से व्यक्तियों का चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया था। आदित्य यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के प्रतिभागी रहे।

#### लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड का काम बंद



**रायपुर।** साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रायपुर शहर से आरंग रोड की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ वर्षों बाद जैसे-तैसे लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड की पहली परत का निर्माण वर्षा ऋतु के पहले तक हो गया था। इस सर्विस रोड का निर्माण एजेंसी द्वारा वर्षा ऋतु समाप्त हो जाने के बाद दूसरी लेयर का काम शुरू कर देना चाहिए था, लेकिन अभी तक यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य शुरू ही नहीं किया गया है। इसीलिए इस सर्विस रोड की दूसरी लेयर का काम संबंधित एजेंसी से जल्दी शुरू कराने के लिए समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुख्यालय नई दिल्ली तक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी जनरल मैनेजर को फीडबैक देकर संबंधित निर्माण एजेंसी को समुचित दिशा-निर्देश देकर जल्द से जल्द काम शुरू करने के लिए कहा गया।



#### नरतोरी में क्रिकेट स्पर्धा शुरू

**तेंदूकोना।** समीपस्थ ग्राम नरतोरी (मुनगासेर) क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आदिवासी युवा नेता हरीश दीवान द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरन सरपंच घनश्याम चंद्राकर, मीलू बरिहा, लोकनाथ बरिहा, देवेंद्र चंद्राकर, गंगाराम दीवान, रैनू बरिहा व सभी ग्रामवासी व क्रिकेट खिलाड़ी व दर्शक बंधुओं की उपस्थिति रही।



#### कुराल पूजा में शामिल हुए दीवान

**महासमुंद।** तुपकबोरा में चक्रधारी समाज की कुराल पूजा तुपकबोरा में आदिवासी युवा नेता हरीश दीवान शामिल हुए। इस दौरान नैनसिंह चक्रधारी, रमेश चक्रधारी, रोशन चक्रधारी, केजू चक्रधारी, कपिल चक्रधारी, डॉ.तेजन चक्रधारी, गंगाधर चक्रधारी, संजय, हेमंत, महेंद्र चक्रधारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



#### रायपुर में कांग्रेस की बैठक में शामिल हुईं डॉ. रश्मि

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़ के द्वारा आयोजित राजीव भवन रायपुर में बैठक में सम्मिलित हुईं। इस दौरान महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी संगठन के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। संगठन की मजबूती एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए सह प्रभारी जांगिड़ द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।

#### श्री राम मंदिर निर्माण के लिए पदाधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मामा भांचा में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए पदाधिकारी का चयन किया गया है। गौरतलब है कि विगत वर्ष 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या में आयोजित किया गया था, उसी तारतम्य में मामा भांचा में भी प्राण-प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारा के साथ श्री राम मंदिर के निर्माण के भूमिपूजन किया गया था। जिसमें आज श्री राम मंदिर निर्माण के लिए पदाधिकारी नियुक्त किए गए। जिसमें संरक्षक विजय दीवान, अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन, उपाध्यक्ष बसंत साहू, सचिव मनोज गोस्वामी, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, कार्यकारिणी सदस्य वेद कुमार दीवान, राजकुमार साहू, कोमल महानंद, मोहन साहू, टिकेश साहू, अश्विनी कन्नौजे, केशव राम साहू, लेखू राम दीवान, भेखलाल पटेल, देव साहू, लिलेश्वर साहू, वीरेंद्र साहू, अश्विनी वेद दीवान होंगे।

#### पोषक विद्यालय संपर्क अभियान आज से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित शासकीय महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शत प्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने हेतु पोषक विद्यालय संपर्क अभियान किया जाना है इस आशय में महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन में महासमुंद ब्लॉक के 9 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी जिला सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र सहायक नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य सहायक नोडल अधिकारी, डॉ ईपी चेलक सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र द्वारा 10-12 दिसंबर तक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें प्रथम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में जानकारी दी जाएगी इसी तरह द्वितीय दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाम्हनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में अभियान चलाया जाएगा तृतीय दिवस शासकीय आशी बाई लक्ष्मीचंद गोलछा कन्या महाविद्यालय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय महासमुंद, शासकीय डीएमएस विद्यालय महासमुंद संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

#### सिंधी काउंसिल ने तीन जगह लगाया आयुष्मान कार्ड शिविर

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं स्वास्थ्य विभाग के विशेष सहयोग से तीन स्थानों पर आयुष्मान कार्ड कैंप लगाया गया। साथ ही 70 वर्ष की आयु से अधिक के बुजुर्गों का 5 लाख की सहायता संबंधी आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि बीपीएल कार्डधारियों को भी 5 लाख का पूरे परिवार एवं बिना बीपीएल राशन कार्ड वाले परिवार को 50 हजार का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी दौरान रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने लाखेनगर सिंधी धर्मशाला में कैंप का उद्घाटन किया और कहा, केंद्र और राज्य मिलकर आयुष्मान कार्ड योजना लेकर आए हैं, डबल इंजन की सरकार की सोच हर वर्ग का ध्यान रख रही है।






## खबर संक्षेप

### मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 25 मरीजों की जांच

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 9 दिसंबर 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना जिला महासमुंद में मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजित किया गया। इस दौरान 25 मरीजों की जांच कर निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। डॉ नारायण साहू बीएमओ, लोकेश प्रधान आरएमए, ढोलचंद नायक बीपीएम व स्टॉफ का सहयोग रहा। मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लीनिक से रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोसल वर्कर व स्टॉफ के साथ मेटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया।

### एड्स जागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रमों

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वधान में महाविद्यालय चिरको के प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में समस्त छात्र/छात्राओं को यूथ रेडक्रास प्रभारी लता भोई द्वारा एड्स संक्रमण फैलने के कारण एवं उनसे बचाव के उपाय हेतु महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को एड्स की जानकारी प्रदाय करने हेतु ग्राम चिरको के प्रमुख बाजार चैक में एड्स जागरूकता के अंतर्गत महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमे एड्स के रोकथाम के उपाय नाटक के माध्यम से बताया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा सहायक प्राध्यापक, मनहरण ठाकुर, तरूण कुमार ध्रुव, कार्यालय प्रमुख फलेश दीवान, एवं अतिथि व्याख्याता राखी यदु, प्रेमलता सेंदरिया, हेमलता नायक, डॉ जीवन लाल चंद्राकर, ऋषि वर्मा, हेमलाल सोनवानी, सविता पटेल उपस्थित रहे।

### कॉलेज में चल रहीं प्रैक्टिकल परीक्षाएं

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में प्रायोगिक परीक्षा का प्रारंभ 5 दिसंबर से किया जा चुका है। एमएससी प्राणीशास्त्र प्रथम सेमेस्टर के लैब कोर्स द्वितीय का प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 05 दिसंबर दिन गुरुवार तथा एमएससी प्राणीशास्त्र प्रथम एवं तृतीय का लैब कोर्स प्रथम की प्रायोगिक परीक्षा 08 दिसंबर दिन रविवार को कराया गया। एमएससी प्राणीशास्त्र तृतीय सेमेस्टर लैब कोर्स द्वितीय की परीक्षा दिनांक 17 दिसंबर को कराई जाएगी। बीएससी प्रथम सेमेस्टर की नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक तीन दिवस प्रथम पाली पूर्वान्ह 09 से 12 तक द्वितीय पाली अपरान्ह 01 से 04 बजे तक दो पालियों में कराई जाएगी। समस्त छात्र-छात्राएं प्रायोगिक फाईल के साथ अपनी उपस्थिति परीक्षा में सुनिश्चित करेंगे अन्यथा की स्थिति में परीक्षा छूटने पर अन्यत्र महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा देनी होगी।

### पुलिस अधीक्षक और जिला शिक्षा अधिकारी को अर्थदंड

**जगदलपुर।** सूचना के अधिकार के तहत धरमपुरा नं 2 निवासी श्रीनिवास पाल ने शिक्षा विभाग और पुलिस अधीक्षक कार्यलय के जन सूचना अधिकारी से जानकारी मांगी थी। जिस पर तय समय में जानकारी नही दिये जाने के कारण छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने अर्थदण्ड जमा करने का आदेश दिया है। तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान पर 25 हजार का अर्थदण्ड और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जन सूचना अधिकारी पर 25-25 हजार कुल 50 हजार का अर्थदण्ड का आदेश जारी किया है। इस संबंध में अपीलार्थी श्रीनिवास पाल ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सूचना के अधिकार के तहत समयसीमा में जानकारी दिया जाना चाहिए लेकिन मुझे जिला शिक्षा अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से चाही गई जानकारी नही दी गई इसलिए राज्य सूचना आयोग ने अर्थदण्ड लगाया है। अर्थदण्ड की राशि तत्समय पदस्थ रहे जनसूचना अधिकारी को शासन के कोष ने जमा करना पड़ेगा। उन्होने कहा कि अलग से अनुशासनात्मक कार्यवाही भी होगी।

---

## टीएल बैठक : कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए जरूरी निर्देश

# राज्य सरकार के एक साल पूरे होने पर आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- संग्रहित धान का उठाव तेज करने के दिए निर्देश




जिला कार्यालय में सोमवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक लेकर उन्होंने राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने उपलक्ष्य में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुरूप 9 दिसंबर से 20 दिसंबर तक विविध कार्यक्रम आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित सम्मेलन, सम्मान समारोह और विविध आयोजन के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए कहा।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं की पहुंच जन-जन तक हो इसके लिए नियमित तौर पर जनता से जुड़कर कार्य करते रहें। बैठक में धान खरीदी की समीक्षा भी की गई। उन्हेंने कहा कि धान खरीदी किसी भी शर्त में बंद न हो। उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने एक दो दिन के भीतर संग्रहित धान का उठाव तेज करने के निर्देश दिए हैं। मार्कफेड और नान के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि उठाव नियमित तौर से होता रहे। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को सप्ताह के अंतिम दो दिवस शनिवार और रविवार को धान खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर अनिवार्य रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि 100 दिवस के इस अभियान में टीबी और कुष्ठ उन्मूलन के लिए अधिकाधिक प्रयास करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इसके लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश भी दिए है। अन्य संबंधित विभाग को आवश्यक सहयोग करने के लिए कहा गया है। कलेक्टर ने 70 वर्ष आयु से अधिक व्यक्तियों के लिए आयुष्मान वय वंदन योजना से लाभ उठाने के लिए पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत कार्ड बनाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा पीएम आवास, पीएम जनमन, जाति, आयुष्मान कार्ड आदि की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यां के गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी निर्माण एजेंसियों को उन्होंने कहा कि समय सीमा में गुणवत्ता का ख्याल रखते हुए निर्माण किया जाए तथा शिकायत की स्थिति निर्मित न हो। विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों का समय सीमा में जवाब देने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी 14 दिसंबर को होने वाले लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण निपटाने कहा गया है। कलेक्टर ने अवैध रेत उत्खनन व अवैध शराब विक्रय आदि की समीक्षा की और इसे रोकने कड़े कदम उठाने कहा गया है।

बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने किसान वृक्ष मित्र योजना के संबंध में जानकारी दी उन्होंने कहा कि किसानों को निःशुल्क पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को निःशुल्क पौधे प्रदान किए जाएंगे, जिसके लिए आवेदन किया जा सकते हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य विकासखंड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

---

## लखपति दीदी योजना अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक

# जिले में 34 हजार से अधिक लखपति दीदीयों का चिन्हांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लखपति दीदी योजना अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई।

बैठक में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। ज्ञात है कि जिले में 34 हजार 700 लखपति दीदीयों का चिन्हांकन किया गया है। इनको बेहतर प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण दिया जा रहा है। इस दौरान, कलेक्टर ने योजना के तहत वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, ऑनलाइन मैपिंग, और ऑनलाइन एंट्री की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, समस्त जनपद सीईओ एवं अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में कहा कि हर विकासखंड में महिलाओं के समूहों में से उन सक्रिय और स्थायी आजीविका से संबंधित महिला सदस्यों की पहचान की जाए जो अपने आजीविका में सतत वृद्धि कर रही हो और अपने परिवार के जीवन यापन और आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हो।

उन्होंने यह भी कहा कि इन महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाए और उनके उत्पादों की राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर ब्रांडिंग की दिशा में कदम उठाए जाएं, चाहे वह कपड़ा हो या खाद्य उत्पाद। सभी विभागों से समन्वय कर उनको अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ा जाए। उनके बेहतर प्रशिक्षण से रोजगार के अन्य विकल्पों को तलाश कर इनके उत्पादों को बाजार से जोड़ें। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना वास्तव में महिला समृद्धि का प्रतीक है।

---

# राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव में कका भतीजा नाचा गम्मत का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार संस्कृति एवं राजभाषा, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर स्थित मुक्त कांशी मंच पर आयोजित विलुप्त लोक एवं जनजातीय कला उत्थान महोत्सव में रंजीत चक्रधारी कृत कका भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान जिला महासमुंद द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मदन चौहान उपस्थित रहे। उन्होंने ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विलुप्त हो रही नाचा गम्मत विधा को संरक्षण संवर्धन के लिए कार्य कर रहे। संस्था प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी राजेश खरशे ने कार्यक्रम कि मनमोहक सफलता पूर्वक प्रस्तुति की सराहना की। संस्था के सदस्य धनेश्वर साहू, संतोष यादव, श्रीपाल ध्रुव, करन नागेश, भुषण नागेश, त्रिभुवन निषाद, सुरेश साहू, चुमन साहू, प्रवीण वर्मा, विष्णु यादव, अमृत यादव, रमेश दुरिया, सचिन दीवान, भुखन साहू उक्त कार्यक्रम की प्रशंसा किए।

---

# सावित्रीपुर स्कूल में मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- छात्र-छात्राओं ने भारतीय सेना के पराक्रम के बारे में जाना




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने भारतीय सेना के पराक्रम के बारे में जाना। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य पी. सिदार सर ने कहा कि भारत के लिए आज गौरवपूर्ण दिन है। यह खास दिन थल सेना, नौसेना, वायु सेना के जवानों के कल्याण के लिए मनाया जाता है और और देश की सेना को सम्मानित किया जाता है।

भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाने की शुरुआत आजादी के बाद से हुई। 1949 में पहली बार यह दिन मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारत के प्रत्येक सैनिक और देश के लिए जान न्योछावर करने वाले वीर शहीदों का सम्मान का दिन होता है। व्याख्याता सिंह ने कहा कि राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को कायम रखने के लिए जिन सैनिकों ने अपने प्राणों को देशहित में न्योछावर कर दिया। ईडी हेड बीडी साहू ने कहा कि हर साल 7 दिसंबर को भारत सशस्त्र सेना के कर्मचारियों के कल्याण के लिए दान जुटाने के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाता है। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने कहा कि जाड़े में मखमली लिहाफ में नींद लेते हुए कभी अपने अचेतन मस्तिष्क को बताइए कि भारत की एलओसी की अग्रिम चोटियों पर 50000 से अधिक जवान तैनात हैं। मिडिल स्कूल हेडमास्टर एसएल पटेल ने कहा की सैनिकों के शौर्य की बहुरंगी कथा को सुखांत देने की उद्देश्य से 1949 में तत्कालीन रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई और प्रत्येक वर्ष 7 सितंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाने का निर्णय लिया। डीके भारती ने सेनाओं को नमन करते हुए कहा सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर मैं भारत की सेनाओं के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को नमन करता हूं। इस अवसर सविता जलछत्री, उत्तम भोई, टीआर यादव, प्रवीण साहू, जयंती सागर मौजूद रहे।

---

## प्रधानमंत्री आवास 2.0 के लिए दस्तावेज सहित पालिका में भरे फार्म : मीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ पार्षद मीना वर्मा ने शहर के विभिन्न वार्डों के नागरिकों के साथ पालिका के आवास विभाग में उपस्थित होकर गरीबों के पक्के आवास निर्माण के लिए, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए दस्तावेज फार्म जमा करवाए। पार्षद वर्मा ने कहा कि जो शहरी नागरिक अपने कच्चे छानी युक्त मकान में वर्षों से मकान टैक्स पटाते हुए निवासरत है ऐसे सभी को आवास योजना से जोड़ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब को पक्का छत वाला मकान देने की योजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया है और प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के नाम से शहरी क्षेत्रों के गरीबों के लिए आवास योजना का फार्म निर्धारित दस्तावेजों के साथ नगरपालिका के आवास विभाग में जमा करवाया जा रहा है। पालिका कार्यालय में पार्षद मीना वर्मा के साथ आवास विभाग के प्रभारी लोकरंजन साहू ने फार्म के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए आवेदन लेकर नागरिकों का सहयोग किया।



---

# कांग्रेस भवन पहुंचे पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारतीय संविधान की रक्षा के लिए 26 नवंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक अभियान का शुभारंभ 26 नवंबर 2024 से किया गया है।

जिसके तहत सोमवार को कांग्रेस भवन में पूर्व पंचायत मंत्री एवं पूर्व विधायक राजिम अमितेश शुक्ल एवं महासमुंद प्रभारी दिनेश यदु का आगमन हुआ। समस्त कांग्रेसजन अंबेडकर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि आज वर्तमान की बीजेपी सरकार अपने फायदे के लिए संविधान को तोड़ मरोड़ रही है और अपने लाभ के मुताबिक संविधान का दुरुपयोग कर रहे हैं भारतीय संविधान ही एक ऐसा शक्ति है जिससे भारत देश में अनेकता होते हुए भी एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा इस संविधान को कमजोर करने का पहल बार-बार किया जा रहा है, ऐसे में संविधान की रक्षा करने का दायित्व भारत के प्रत्येक नागरिक का है देश के जनता को देखना होगा कि जिससे देश का कानून चलता है उस संविधान को कोई कमजोर ना कर पाए इस दिशा पर जागरूकता लाने एवं भारत के संविधान को मजबूत करने की इरादा से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान रक्षक अभियान आरंभ किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, महासमुंद प्रभारी दिनेश यदु, डॉ.रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, मनोज कांत साहू, संजय शर्मा, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, नारायण नामदेव, हुलास गिरी गोस्वामी, निर्मल जैन, सचिन गायकवाड़, लखन चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, बलवंत साहू, लीलू साहू, भूमिका ध्रुव, ममता चंद्राकर, सोनम रामटेके, हरदेव सिंह ढिल्लो, जसबीर सिंह ढिल्लो, मनोहर ठाकुर, सन्नी महानंद, सुरेंद्र ठाकुर, हार्दिक सोना, बसंत चंद्राकर, नीरज परोहा, टोमन सिंह कागजी, नासिर हुसैन, लहरी सिंह ठाकुर, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

---

## स्वयंसेवकों को योगासन के लाभ बताए, प्रेरित भी किया

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ( डिजिटल साक्षरता के लिए युवा ) दिवस दिवस का प्रारंभ में योगा से किया गया जिसमे वैशाली ठाकुर ने योगासन व योग से लाभ व अपने जीवन में घटित घटनाओं से अवगत कराकर स्वयंसेवकों को मोटिवेट किया। खुद पर विश्वास एवं आत्मनिर्भर व सीखने की इच्छा रखने के लिए प्रेरित किया। हितेश यादव द्वारा जुंबा के प्रकार, भारत में प्रचलित जुंबा, जुंबा से होने वाले लाभ से समस्त स्वयंसेवकों को अवगत कराया गया। स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य में शिविर परिसर की साफ-सफाई की गई तथा दीवारों पर नारा लेखन कर विद्यालय परिसर को सुसज्जित किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में सुमित देवांगन आराधना फाउंडेशन के संचालक साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं संचालित करते हैं ने अपने उद्बोधन में डिजिटल साक्षरता, डिजिटलीकरण, केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाएं, सुरक्षित बैंकिंग तथा मोबाइल के सदुपयोग के बारे में बताया। साथ ही साइबर क्राइम, इंटरनेट के माध्यम से ठगी व मोबाइल एप्स के द्वारा किस प्रकार मोबाइल में अनैतिक गतिविधियां की जाती है उसकी संपूर्ण जानकारी तथा उससे बचने की जानकारी प्रदान की गई। एवं समस्या कितनी भी बड़ी हो उसका संयम व धैर्य से निवारण करने की सीख दी। अपने अनुभव को साझा कर प्रेरित किया एवं सभी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

---

## पति के गुजर जाने और बेटियों की शादी के बाद आई थी दिक्कतें

# महतारी वंदन योजना से लीला ध्रुव को मिली आर्थिक स्थिरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पति के गुजर जाने के पश्चात मैं व्यक्तिगत तौर पर असहाय हो गई थी। तब मुझे बेटियों का सहारा था लेकिन कुछ समय पश्चात बेटियों की शादी भी करनी पड़ी। मेरे पास न कोई कमाकर देने वाला था और न ही कमाई का कोई पुख्ता जरिया था। ऐसे में महतारी वंदन की राशि मेरी सबसे बड़ी पूंजी और विश्वास बनकर खड़ा हुआ। ये उद्गार महतारी वंदन योजना की हितग्राही लीला ध्रुव के है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में संचालित महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं को आर्थिक संबलता प्रदान करने तथा उन्हे आत्मनिर्भर कारगर माध्यम बन गया है। समाज के सभी वर्गों के महिलाएं इस योजना से लाभान्वित होने के कारण यह योजना राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत निर्णायक साबित हो रहा है।

इसका उदाहरण जिले के महासमुंद विकासखंड के ग्राम बेमचा में देखने को मिला है। यहां निवासरत 49 वर्षीय एकाकी लीला ध्रुव बाई ने राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए बताया कि शासन ने इस योजना का लाभ दिलाकर बहुत बड़ा उपकार किया है। मुझे प्रति माह महतारी वंदन योजना के तहत 01 हजार रुपये मेरे बैंक खाते में प्राप्त होता है। मैं अपने घर में अकेली ही रहती हूँ। लगभग 10 वर्ष पूर्व पति के निधन के पश्चात आर्थिक समस्या से जूझना पड़ रहा था। अभी मार्च माह से महतारी वंदन योजना आने से मुझे महीने के खर्च के लिए किसी का मुंह ताकना नहीं पड़ता। मैं पूरे आत्मसम्मान के साथ अपनी जीवन व्यतीत कर रही हूं। छोटी-मोटी स्वास्थ्यगत समस्याओं के लिए भी पैसे लेने की जरूरत नहीं पड़ती। पति के गुजर जाने के पश्चात बेटियों की शादी भी बड़ी जिम्मेदारी थी जिसे मैंने खेत बेचकर पूरा किया। ऐसी स्थिति में न मेरे पास कमाने वाला था और न ही कमाई का जरिया। लेकिन पिछले 10 माह से इस चिंता से छुटकारा मिल गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने हम महिलाओं के लिए इस योजना का संचालन कर बेहतर काम किया है। लीला ध्रुव ने बताया कि इस योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा है। अब महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आसानी से पैसा उपलब्ध हो जाता है। उसने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह राशि जमा होने से हम महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत हुआ है। इससे वह प्रसन्नचित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर पा रही है। बिमला बाई ने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से आभार व्यक्त किया है।



---



## पहले चीफ ऑफ डिफेंस बिपिन रावत की पुण्यतिथि पर चला स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारत देश के प्रथम चीफ़ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ़ जनरल बिपिन रावत की पुण्यतिथि पर स्वच्छता अभियान चलाया एवं श्रद्धांजलि अर्पित दी जिसमें पूर्व सैनिक संगठन एवं अग्निवीर प्रशिक्षण शिविर के बच्चों पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, कन्हैया लाल सोनी, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद, रामप्यारी साहू शामिल रहे। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा जनरल बिपिन रावत एक शानदार सैनिक थे. सच्चे देशभक्त, जिन्होंने सेना के आधुनिकीकरण में अहम भूमिका निभाई। सामरिक और रणनीतिक मामलों में उनका दृष्टिकोण अतुलनीय था और उनके नहीं रहने से बहुत दुखी हूं। भारत उनके योगदान को कभी नहीं भूलेगा जनरल बिपिन रावत की पुण्यतिथि को 8 दिसंबर के दिन मनाई जाती है।